

**इफ्तार**
मंगलवार शाम
सुन्नी : 6:13
शिया : 6:22

**सहरी**
बुधवार सुबह
सुन्नी : 5:16
शिया : 5:10

# तीन मौतों का जिम्मेदार कौन, अफसर बोले-जांच करा रहे

## विकास भवन में हुई दिशा की बैठक में पेंशन, बिजली, स्वास्थ्य जैसे कई मुद्दों पर जनप्रतिनिधियों ने अफसरों को सवालों में घेरा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक में सांसद छत्रपाल गंगवार ने शनिवार देर रात दिल्ली हाईवे पर सड़क के बीच खड़े पेड़ के कारण तीन लोगों की मौत पर अफसरों से पूछा कि पेड़ के कारण हादसा हुआ, इसमें किसकी गलती है। इस पर डीएम ने कहा कि एडीएम सिटी, एसपी ट्रफिक, पीडब्ल्यूडी और आरटीओ से जांच करा रहे हैं। इस पर सासंद ने पूछा कि हादसा क्या वन विभाग के कारण हुआ है। बैठक में पेंशन, बिजली, पानी, स्वास्थ्य जैसे कई मुद्दों पर जनप्रतिनिधियों ने अफसरों को सवालों में घेरा। प्रमुख योजनाओं की समीक्षा के दौरान विधायकों और ब्लॉक प्रमुखों ने कहा कि सरकार की सभी योजनाएं कागजों में दुरुस्त हैं मगर असलियत में हाल बदहाल है।

विकास भवन के सभागार में सोमवार को हुई बैठक की अध्यक्षता कर रहे सांसद छत्रपाल गंगवार सिंह ने जल जीवन मिशन, स्वच्छ भारत मिशन, पीएम आवास (ग्रामीण) आदि योजनाओं की समीक्षा की। समीक्षा में जब सड़कों की खराब दुदर्शा का जिम्मेदार मिट्टी खनन में लगे डंपरों को बताया तो कैंट विधायक संजीव अग्रवाल ने खनन अधिकारी से कहा कि आप किसी की बात सुनते नहीं हो। तुम्हारे हिसाब से खनन रात में चलता है। नवाबगंज में आरसीएल के डंपरों के कारण सड़कों की डैमेज होने पर एनएचएआई के अभियंता अश्वनी चौहान भी निशाने पर रहे।

आंवला सांसद नीरज मौर्य ने क्षेत्र की आंवला-अलीगंज-गैनी समेत कई मार्गों को लेकर एक्सईएन राजीव अग्रवाल और भगत सिंह से सवाल जवाब किए। बैठक के दौरान ही बीच रोड पर बिजली के पोल का मामला भी उठा। इस पर डीएम ने बिजली विभाग के चीफ इंजीनियर से कहा कि नाथ कॉरिडोर में जो पोल सड़कों पर आ रहे हैं, उनको हटाने की जिम्मेदारी आपको दी गई है, इसलिए इनको शीघ्र ही हटवाएं। समाज कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर से सांसद नीरज मौर्य ने पूछा कि जिले में वृद्धजनों के लिए शिविर लगाए या नहीं, इस पर कहा 22 नवंबर 2025 को सभी ब्लॉकों में पेंशन को लेकर कैंप आयोजित किए थे। इस पर ब्लॉक प्रमुखों ने कहा कि हम लोगों को कैम्प की कोई सूचना नहीं दी गई। नीरज मौर्य ने कहा कि यह अधिकारी कमेटी के अध्यक्ष के निर्देश नहीं मान रहे हैं। यह तो बहुत गलत है। इस पर समाज कल्याण अधिकारी ने कहा कि हम 15 ब्लॉक के फोटो भी दिखा देंगे।

इस पर डा. एमपी आर्य बोले- गुमराह मत कीजिए, कैंप हुए होंगे, लेकिन उसमें आपकी उपस्थित नहीं थी, यह जानकारी क्यों नहीं दे रहे। डीएम ने कहा कि आगे से जनप्रतिनिधियों को व्यक्तिगत रूप से अवगत कराएं। बैठक में मेयर डा. उमेश गौतम, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, सीडीओ देवयानी, नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य आदि मौजूद रहे।

**सीएम को भेजा था पत्र, फिर भी कुछ नहीं हुआ :** नीरेंद्र राठौर ने कहा कि नवाबगंज में सड़क किनारे तेजी से अतिक्रमण हो रहा है। स्थानीय अधिकारी सुनते नहीं, सीएम को भी पत्र भेजा था, फिर भी कुछ नहीं हुआ। इस पर बाढ़ खंड के अधिशासी अभियंता ने सफाई दी कि सभी नदियों के सीमांकन की डिमांड शासन को गई है। अभी केवल रामगंगा नदी किनारे का सीमांकन हुआ है। सांसद छत्रपाल गंगवार ने मीरगंज से कैलाश नदी की तरफ कटान की बात कही और कहा कि पिछली बार बालू से पटाना कराया था। इस पर विधायक डॉ.एमपी आर्य ने कहा कि सिंचाई बन्धु की बैठक जिला स्तर पर कराई जाए।




विकास भवन सभागार में दिशा की बैठक में मौजूद जनप्रतिनिधि और अफसर। ● अमृत विचार

### ब्लॉक प्रमुख बोले-झूठ बोल रहीं प्रोबेशन अधिकारी

जिला प्रोबेशन अधिकारी भी बैठक में जनप्रतिनिधियों के निशाने पर रहीं। समीक्षा के दौरान उन्होंने बताया कि जिले में 98 हजार विधवाओं को पेंशन मिल रही है। इस पर नीरज मौर्य ने पूछा कि क्या कैम्प नहीं लगते हैं। प्रोबेशन अधिकारी ने कहा कि शेरगढ़ और फरीदपुर में बेटी बचाओ और बेटी पढ़ाओ के कैंप लगाए गए थे। क्षेत्र पंचायत की बैठकों में भी वह पेंशन से जुड़े मामलों को लेकर जाती हैं। इस पर भदपुरा और नवाबगंज के ब्लॉक प्रमुख ने कहा कि किसी बैठक में न तो प्रोबेशन अधिकारी जाती हैं और न इनका कोई स्टाफ जाता है। प्रोबेशन अधिकारी ने कहा कि ब्लॉक पर हमारे पास टीम नहीं। केवल तीन लोग हैं। इस पर भदपुरा के ब्लॉक प्रमुख भड़क गए। सांसद नीरज ने कहा कि समाज कल्याण विभाग के साथ मिलकर कैम्प लगाएं। डीएम ने कहा कि विधवा पेंशन के बड़े कार्यक्रम का आयोजन करें और उसके बारे में सभी को बताएं।

### पीएम केयर से मिले वेंटिलेटर का हिसाब देने से बचते रहे सीएमओ

समीक्षा के दौरान सीएमओ डा. विश्राम कई मामलों में निशाने पर रहे। सांसद नीरज मौर्य ने कहा कि 300 बेड अस्पताल के तमाम उपकरण खराब हो रहें, इस पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने सीएमओ से पूछा कि पीएम केयर से कितने वेंटिलेटर आए थे, इस पर सीएमओ ने कहा कि संख्या नहीं पता। सांसद ने कहा कि लोकसभा में कहा गया कि हर जिले में भेजे गए हैं। इस पर सीएमओ ने कहा कि 33 वेंटीलेटर हैं। सांसद ने कहा कि 300 बेड में जब इनका उपयोग नहीं हो रहा तो कहीं और लगाएं। एमएलसी कुंवर महाराज सिंह ने कहा कि कितनी पीएचसी और सीएचसी हैं जहां सामान भेजा जा सकता है। नवाबगज के ब्लॉक प्रमुख आशुतोष गंगवार ने सीएचसी की अव्यवस्थाओं पर हमला बोला।

### आंवला सांसद नीरज मौर्य बोले- फर्जी सूचनाएं देते हैं जल निगम ग्रामीण वाले

जल जीवन मिशन योजना की समीक्षा के दौरान एक्सईएन कुमकुम गंगवार ने बताया कि 82 परियोजनाओं पर कार्य पूर्ण हो चुका है, उसकी सूची भी जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध करा दी गई है। इस पर कई ब्लॉक प्रमुख भड़क गए और कहा कि हमको कोई अपडेट सूची नहीं मिली है। एमएलसी कुंवर महाराज सिंह ने कहा कि फरीदपुर के तीन मजरों में एक ही गांव में पानी जा रहा है। इस पर एक्सईन ने कहा कि कहा कि वहां काम पूर्ण नहीं है। इस पर सांसद नीरज मौर्य ने कहा कि जितने कार्य पूर्ण हुए हैं, कमेटी बनाकर रैंडम चेक कराया जाए। सांसद ने कहा कि पिछली से पिछली बैठक में आपने जो सूचना दी थी वह पूरी तरफ फर्जी पाई गई। इस योजना को आपने बर्बाद कर दिया। सांसद छत्रपाल गंगवार ने कहा कि पिछले बजट का जल जीवन मिशन का 50 फीसदी भी खर्च नहीं हुआ। इस बार और बजट मिला है।

### जेई आरईडी को हटाएं, प्रशासन को गुमराह करते हैं

भदपुरा के ब्लॉक प्रमुख रवि गंगवार ने मेथी नवदिया में अस्थाई गौशाला का मामला उठाया और कहा कि यहां कोई बाउंड्री नहीं। जेई आरईडी नहीं जाते। उनको हटा दें मेरे ब्लॉक से। आरोप लगाया कि बिना प्रस्ताव पास हुए ही इंटर लॉकिंग भेजकर जेई ने प्रशासन को गुमराह किया है। वहीं, विधायक डॉ एमपी आर्य ने कहा कि अफसर नंदी गोशाला बनाएंगे तो वह अपनी निधि से 25 लाख रुपये देंगे। इस पर डीएम ने प्रस्ताव मिलने पर तत्काल ही काम शुरू कराने की बात कही।

### सांसद बोले- प्राइवेट एम्बुलेंस की गुंडागर्दी कैसे रोकेंगे

दिशा की बैठक में सरकारी एंबुलेंस के समय पर नहीं पहुंचने पर जब सवाल उठे तो सांसद छत्रपाल गंगवार ने कहा कि हादसे के तुरंत बाद सूचना देने पर भी सरकारी एंबुलेंस नहीं पहुंचती है, प्राइवेट एंबुलेंस इसका फायदा उठाते हैं और मरीजों को अस्पताल में भर्ती करा देते हैं और भारी बिल वसूलते हैं। सांसद ने इसे '' ''प्राइवेट एम्बुलेंस की गुंडागर्दी 'करार दिया और कहा कुछ दिन पहले उन्होंने खुद इस मामले में हस्तक्षेप कर बिल में पचास फीसदी की छूट दिलाई। अधिकारियों से सवाल किया कि इस गुंडागर्दी को कैसे रोका जाएगा। आरटीओ प्रवर्तन ने जवाब दिया कि ' 'कार्रवाई की जाएगी।''

## न्यूज ब्रीफ

### आधार बनवाने की मॉनिटरिंग कर प्रतिशत बढ़ाने का कार्य करें

**बरेली, अमृत विचार :** जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने सोमवार शाम कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद स्तरीय आधार अनुश्रवण समिति की बैठक कर आधार सीडिंग की मॉनिटरिंग कर प्रतिशत बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि इस समय पोस्ट ऑफिस से आधार सीडिंग की शिकायतें अधिक आ रही हैं, इस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सुधार के निर्देश दिए ।कहा कि इसकी लगातार मॉनिटरिंग करें। कहा कि अधिकतर यह देखने में आता है कि अभी भी लोग आधार कार्ड बनवाने के लिए लंबी कतारों में लगे रहते हैं, केंद्र पर आधार कार्ड बनाने वालों की संख्या कम है, इनकी संख्या बढ़ाएं। आधार कार्ड केंद्रों का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करें, जिससे लोगों को असुविधा न हो। सीडीओ देवयानी, अपर जिलाधिकारी प्रशासन पूर्णिमा सिंह आदि अफसर मौजूद रहे।

### गड्ढे बने मुसीबत का सबब, लोग परेशान

**बरेली, अमृत विचार :** बदायूं रोड पर कई जगह गहरे गड्ढे हैं। इसकी वजह वाहन चालकों को आवाजाही में दिक्कत हो रही है। रवींद्र नगर गेट, चुंगी समेत कई जगहों पर अभी तक गड्ढों को भरा नहीं गया है। हालांकि, चौपुला पुल के सामने ब्रेकर बना दिए गए हैं, मगर जिम्मेदारों का ध्यान अभी तक इस ओर नहीं गया है।

## शहर में आज

- यूपी बोर्ड परीक्षा पहली पाली सुबह 8:30 से 11:45 बजे और दूसरी पाली दोपहर 2 से शाम 5:15 बजे।
- सीबीएसई और आईसीएसई बोर्ड परीक्षा सुबह 10 से 1:30 बजे तक।
- इन्वर्टिस यूनिवर्सिटी में इन्वर्शिया में स्टार नाइट रात 8 बजे से।
- सृजन वेलफेयर सोसाइटी के तत्वावधान में हनुमान मंदिर परिसर परसाखेड़ा रोड नंबर 4 पर निशुल्क भोजन वितरण शिविर दोपहर 12:30 बजे।



### खूनी पेड़ पर चिपकाए रिफ्लेक्टर कार टकराने का वीडियो वायरल

**बरेली :** रामपुर रोड पर स्वालेनगर के पास जिस पेड़ से टकराकर तीन लोगों की जान गई, उस पड़े पर परिवहन विभाग की ओर से रिफ्लेक्टर चिपकाए गए हैं, ताकि रात में दूर से पेड़ दिखाई दे सके। इस पेड़ के आसपास के पेड़ों पर भी रिफ्लेक्टर चिपकाए हैं। इधर, पेड़ से कार टकराने का वीडियो वायरल हो रहा है। उसमें कार की रफ्तार अधिक लग रही है। पेड़ के पास जेसीबी खड़ी नजर आ रही है।

## एडीएम सिटी सदर तहसील का सुबह 7 बजे करेंगे निरीक्षण

**बरेली, अमृत विचार :** एडीएम सिटी सौरभ दुबे मंगलवार सुबह करीब 7 बजे तहसील सदर का निरीक्षण करेंगे। निरीक्षण करने का पत्र जब तहसील सदर पहुंची तो कर्मचारियों के होश उड़ गए। कई कर्मचारियों ने दबी जुबान से कहा कि नियमानुसार सुबह 10 बजे तहसील खुलने का समय है लेकिन सुबह 7 बजे निरीक्षण होने से करीब 6 बजे पहुंचना होगा। हालांकि, सुबह निरीक्षण करने पीछे एडीएम सिटी ने स्पष्ट किया है कि दोपहर 12 बजे से बैठक है, इसलिए सुबह 7 बजे से निरीक्षण का समय रखा है। डीएम के निर्देश पर एडीएम सिटी तहसील सदर का निरीक्षण करेंगे। एसडीएम सदर और तहसीलदार सदर को निरीक्षण के लिए तैयारी करने के निर्देश पहले ही जारी किए जा चुके हैं।


# मार्च से शुरू होगा बड़ा हनुमान, रामजानकी मंदिर और पर्यटन स्थलों का विकास

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- मंदिरों व पर्यटन स्थलों के विकास को इस माह तक होगा एजेंसियों का चयन, बजट जारी

**अमृत विचार :** सात नाथ मंदिरों को जोड़कर नाथ कॉरिडोर का निर्माण कराने के साथ शहर के अन्य प्रमुख मंदिरों का भी सौंदर्यीकरण कराने की कवायद तेज हो गयी है। पर्यटन विभाग के प्रस्ताव पर हार्टमैन के पास स्थित बड़ा हनुमान मंदिर और जनकपुरी स्थित रामजानकी मंदिर आदि मंदिर व पर्यटन स्थलों के विकास के लिए शासन ने बजट जारी कर दिया है।

पर्यटन विभाग की ओर से अहिच्छत्र, सिरोही शिव मंदिर, बड़ा बाग हनुमान मंदिर, रामजानकी मंदिर, ठाकुर जी मंदिर, पहलऊनाथ मंदिर के विकास के लिए शासन को प्रस्ताव भेजे गए थे। जिन्हें स्वीकृति भी मिल गई। अब पर्यटन विभाग एजेंसियों का चयन कर रहा है। पर्यटन विभाग के अनुसार बड़ा बाग हनुमान मंदिर में 3.55 करोड़ रुपये की लागत से बहुउद्देशीय हॉल, धर्मशाला, मुख्य द्वार, परिक्रमा स्थल, लाइटिंग आदि से मंदिर को नया रूप देने का कार्य किया जाएगा। वहीं, रामजानकी मंदिर में भी 2.96 करोड़ रुपये की लागत से बहुउद्देशीय हॉल, मुख्य द्वार, पाथ-वे और उद्यान का निर्माण किया जाना है। बड़ा बाग हनुमान मंदिर और रामजानकी मंदिर दोनों के लिए प्रस्ताव वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार सक्सेना ने शासन को भेजा था।



इसके अतिरिक्त शासन ने आंवला तहसील क्षेत्र में स्थित अहिच्छत्र के लिए 2.13 करोड़ रुपये के प्रस्ताव को मंजूर किया। आलमपुर जाफराबाद ब्लॉक में स्थित सिरोही शिव मंदिर परिसर के लिए शासन ने 1.06 करोड़ रुपये के प्रस्ताव को मंजूरी दी। मीरगंज स्थित ठाकुर जी मंदिर परिसर के लिए शासन ने 1.03 करोड़ रुपये की मंजूरी दी। फरीदपुर स्थित पहलऊनाथ शिव मंदिर परिसर के लिए शासन ने 99.76 लाख के बजट को मंजूरी दी। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी मनीष सिंह ने बताया कि विकास कार्यों को शासन से मंजूरी मिल चुकी है। जल्द ही टेंडर प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

## शिकायतकर्ता से पूछें कि निस्तारण से संतुष्ट हैं या नहीं

**बरेली, अमृत विचार :** जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने सोमवार शाम कलेक्ट्रेट सभागार में आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायत पत्रों की समीक्षा की।

इस दौरान डीएम ने पाया कि अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण की पोर्टल पर एक भी शिकायत निस्तारित नहीं हुई है, जिस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि आप लोग संतुष्टि फीडबैक पर अधिक ध्यान दें। डीएम ने कहा कि इसकी मॉनिटरिंग लगातार मुख्यमंत्री के स्तर से ऑनलाइन की जा रही है। उन्होंने समस्त संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी अधिकारी सुबह 10 से 12 बजे तक अपने कार्यालय में बैठकर जनता की समस्याओं को सुनें। उन्होंने कहा कि यदि आप किसी शिकायतकर्ता की शिकायत का निस्तारण कर रहे हैं तो उससे एक बार दूरभाष पर संपर्क यह अवश्य पूछ लें कि वह इस निस्तारण से संतुष्ट हैं या नहीं। सीडीओ देवयानी, अपर जिलाधिकारी प्रशासन पूर्णिमा सिंह आदि अफसर मौजूद रहे।

# जोड़ों के दर्द के बढ़े मरीज, पर्चा बनवाने को लगी लाइन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल की ओपीडी में सर्दी, जुकाम, बुखार के साथ जोड़ों के दर्द के मरीजों की संख्या अचानक बढ़ गई। पर्चा से दवा काउंटर तक मरीजों की भीड़ दिखी।

सोमवार को ओपीडी में हड्डी रोग विशेषज्ञ को दिखाने के लिए कक्ष के आगे मरीजों की कतार दिखी। अधिकांश मरीज हड्डी, जोड़ों में दर्द से पीड़ित थे। इसके अलावा बुखार, पेट व सिर दर्द, जुकाम और वायरल के मरीजों की संख्या भी अधिक रही। वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. हरपाल सिंह ने कहा कि मौसम में बदलाव के कारण वायरल, पेट दर्द, सर्दी और जुकाम के मरीजों की संख्या बढ़ गई है। ऐसे मौसम में बुजुर्गों और बच्चों को विशेष ध्यान रखना चाहिए। 2100 मरीज अस्पताल पहुंचे थे। वहीं, जिला अस्पताल में सीएमओ कार्यालय परिसर में आयोजित शिविर में दिव्यांगों की संख्या अधिक रही। प्रमाण पत्र बनवाने के लिए दिव्यांग इधर- उधर भटकते नजर आए।



जिला अस्पताल की ओपीडी में कतार में लगे मरीज। ● अमृत विचार

# बोतल में मटमैला पानी लेकर निगम पहुंचीं महिलाएं



नगर निगम में शिकायत लेकर पहुंचीं महिलाएं। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- कहा - टंकियों से आ रहा गंदा पानी वार्ड की नालियां हैं चोक
- मोहल्ला मीरा की पैठ का मामला समस्या निदान की उठाई मांग

**अमृत विचार :** इंदौर में दूषित पानी की वजह से कई लोगों की जानें चली गईं, इस घटना से भी नगर निगम का जलकल विभाग सबक लेने के लिए तैयार नहीं है। पुराने शहर के वार्ड 40 सहसवानी टोला के मोहल्ला मीरा की पैठ में टंकियों से गंदा पानी आ रहा है। सोमवार को मोहल्ले की महिलाएं टंकियों का मटमैला पानी बोतलों में लेकर नगर निगम पहुंचीं। नगर आयुक्त न मिलने मिलने पर स्टेनो को ज्ञापन देकर समस्या के निदान की मांग की।

महिलाओं ने कहा कि रमजान के पाक महीने में जब लोग साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखते हैं, तब टंकियों से गंदा पानी आ रहा है। पानी इतना खराब है कि उसे छानने और उबालने के बाद भी इस्तेमाल करने में डर लगता है। फरहानाज, तरन्नुम, रेशमा, अनम, राहिला, फहमीदा, इलमानाज, शारदा बी, गुलजार और जरीना का आरोप है कि इलाके में नालियां गंदगी से अटी पड़ी हैं। नियमित सफाई नहीं हो रही और सड़कों पर गड्ढों की भरमार है। टूटी सड़कों और कीचड़ से लोग परेशान हैं। सबसे ज्यादा बुजुर्गों और बच्चों को हो रही है।

घर से साफ सुथरा होकर निकलो तो बाहर बदबू, गंदगी और टूटी सड़कें इंतजार करती मिलती हैं। आरोप है कि नगर निगम सिर्फ कागजों में सफाई अभियान चलाता है, जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल उलट है। कहा कि शीघ्र समस्या का निदान कराया जाए।

**जागरूकता अभियान** | मध्यांचल विद्युत वितरण निगम का स्मार्ट मीटर पखवाड़ा सम्पन्न, बिजली उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर की उपयोगिता की दी गई जानकारी

# स्मार्ट मीटर को लेकर शंकाओं का किया समाधान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बिजली अभियंताओं ने स्मार्ट मीटर की कार्यप्रणाली और बिलिंग प्रक्रिया समझाई

**अमृत विचार :** मध्यांचल विद्युत वितरण निगम द्वारा 9 फरवरी से शुरू हुआ स्मार्ट मीटर पखवाड़ा सोमवार को सम्पन्न हो गया है। इस दौरान बरेली, शाहजहांपुर, बदायूं और पीलीभीत में व्यापक स्तर पर उपभोक्ता जागरूकता अभियान चलाया गया।

अभियान के तहत प्रतिदिन 25 उप खंडों पर सहायता केंद्र स्थापित किए गए। जिसमे बरेली में 3200, शाहजहांपुर में 2357, पीलीभीत में 1132 और बदायूं में करीब 2700 उपभोक्ताओं ने सहायता केंद्रों पर पहुंचकर स्मार्ट मीटर से जुड़ी जानकारी प्राप्त की और अपनी समस्याओं का समाधान कराया। पखवाड़ा के दौरान उपभोक्ताओं को कई प्रकार की सहूलियतें प्रदान की गईं। हेल्प डेस्क के साथ साथ उपभोक्ताओं के घर-घर जाकर स्मार्ट मीटर की कार्यप्रणाली, रिचार्ज प्रक्रिया और बिलिंग प्रणाली की जानकारी दी गई। उपभोक्ताओं के मोबाइल फोन में यूपीपीसीएल स्मार्ट एप इंस्टॉल कराकर उन्हें बिजली खपत की रियल टाइम मॉनिटरिंग और ऑनलाइन रिचार्ज की सुविधा से अवगत कराया गया। स्मार्ट मीटर से संबंधित शिकायतों को मौके पर ही सुना और निस्तारित किया गया।



घर-घर जाकर उपभोक्ताओं को जानकारी देती टीम। ● अमृत विचार

### इसलिए, जरूरी हैं स्मार्ट मीटर

स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को वास्तविक समय की बिजली खपत की जानकारी प्रदान करते हैं, जिससे वे अपनी खपत पर नजर रख सकते हैं और ऊर्जा की बचत कर सकते हैं। इस स्मार्ट मीटर से गलत बिजली बिल की संभावना नहीं रहती है। उपभोक्ताओं को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से अपनी खपत पर नजर रखने की सुविधा मिलती है, साथ ही बिजली कटौती की जानकारी भी पहले से मिल जाती है। इसके साथ ही स्मार्ट मीटर में लोड मैनेजमेंट की सुविधा भी है।

### उपभोक्ताओं से अपील, घरों में लगवाएं मीटर

निगम ने सभी उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अपने अपने घरों में स्मार्ट मीटर लगवाकर इस सुविधा का लाभ उठाएं और डिजिटल व्यवस्था को अपनाने में सहयोग करें। उत्तर प्रदेश में 3 करोड़ 9 लाख 78 हजार से अधिक स्मार्ट मीटर इंस्टॉल किए जाने हैं। जिनमें से 83 लाख 92 हजार से अधिक स्मार्ट मीटर इंस्टॉल किए जा चुके हैं।




# मिली सफलता : जिला बदर का आरोपी ऋषभ ठाकुर पुलिस के हत्थे चढ़ा

- स्पा सेंटर संचालिका को धमकाने और रंगदारी वसूलने के आरोप में हुई गिरफ्तारी
- बारादरी पुलिस ने आरोपी को बीडीए कालोनी से दबोचा, गुंडा एक्ट की कार्रवाई शुरू

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** बजरंग दल से निष्कासित और स्पा सेंटर संचालिका को फोन पर धमकाने व रंगदारी मांगने वाला ऋषभ ठाकुर आखिरकार बारादरी पुलिस के हत्थे चढ़ गया।


आरोपी ऋषभ।

ऋषभ समेत पांच लोगों के खिलाफ संचालिका की तहरीर पर शुक्रवार को मुकदमा दर्ज किया गया था। उसके बाद से ही पुलिस उसकी तलाश में जुटी थी। बारादरी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ऋषभ को सोमवार दोपहर बीडीए कालोनी से गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ गुण्डा नियंत्रण अधिनियम के तहत कार्रवाई की है। दरअसल, दो दिन पहले ऋषभ ठाकुर के सोशल मीडिया पर वायरल 17 मिनट 31 सेकंड के ऑडियो ने शहर में हड़कंप मचा दिया था। इस ऑडियो में ऋषभ और उसका साथी आशु पीलीभीत रोड पर स्पा सेंटर चलाने वाली संचालिका को बुरी तरह धमकाते हुए सुनाई दे रहे थे। ऋषभ खुद को ''''कैफे कांड'''' का मुख्य आरोपी बताकर खौफ दिखा रहा था। उसने दावा किया था कि शहर में उसकी मर्जी के बिना कोई ऑफिस नहीं खुलेगा। स्टिंग वीडियो डिलीट करने के बदले उसने ''खर्चा-पानी'' के नाम पर 40 हजार रुपये की मांग की थी। हद तो तब हो गई जब उसने चुनौती देते हुए कहा कि वह खुद खड़े होकर स्पा खुलवाएगा और अगर कोई रोक ले तो वह अपनी मूंछ मुंडवा लेगा। इधर, हैरानी की बात यह है कि ऋषभ ठाकुर को सुभाष नगर थाने से छह महीने के लिए जिला बदर किया गया था। उसे बदायूं की सीमा में छोड़ा गया था, लेकिन वह पुलिस की बंदिशों को ठेंगा दिखाकर बरेली में न केवल सक्रिय था, बल्कि खुलेआम रंगदारी वसूल रहा था।

इधर, ऋषभ की गिरफ्तारी के बाद उसकी बहन ने बारादरी थाने के बाहर वीडियो बनाकर वायरल किया है। वीडियो में उसने पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए पूछा है कि उसके भाई को किस जुर्म में पकड़ा गया है। बहन का दावा है कि ऋषभ की जिला बदर की समय सीमा पूरी हो चुकी थी। इसके बाद ही वह बदायूं से बरेली वापस आया था। उसने अपने भाई को बेगुनाह बताते हुए पुलिस पर सवाल खड़े किए हैं।

इधर, इस पूरे विवाद के बीच हिंदू जागरण मंच (युवा) और अन्य संगठनों ने आरोपियों से दूरी बना ली है। जिला अध्यक्ष हिमांशु पटेल ने स्पष्ट किया कि ऋषभ ठाकुर और आशु यादव को बहुत पहले ही संगठन से निष्कासित किया जा चुका है। उन्होंने पुलिस से मांग की है कि संगठन का नाम बदनाम करने वाले ऐसे अपराधियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए ताकि समाज में गलत संदेश न जाए। बारादरी इंस्पेक्टर धनंजय पांडेय ने बताया कि ऋषभ के अन्य साथियों की भी तलाश की जा रही है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में इंस्पेक्टर के अलावा उप निरीक्षक अमित कुमार, कांस्टेबल पवन नागर आदि शामिल थे।

## भगवान राम पर आपत्तिजनक वीडियो वायरल

**बरेली, अमृत विचार :** हाफिजगंज थाना क्षेत्र के अहमदाबाद गांव के रहने वाले आकाश सागर नामक युवक का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद लोगों में आक्रोश फैल गया। शिकायत के बाद पुलिस मामले की जांच कर रही है।

वीडियो में युवक, जो खुद को भीम आर्मी से जुड़ा बताता है, कथित तौर पर भगवान श्रीराम के संबंध में आपत्तिजनक टिप्पणी करते दिखाई दे रहा है। वीडियो वायरल होते ही विभिन्न हिन्दू संगठनों में गुस्सा फैल गया और पदाधिकारियों ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व ट्विटर) पर मामले की शिकायत दर्ज कर आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। स्थानीय स्तर पर भी इस मामले को लेकर चर्चा तेज हो गई है। पुलिस प्रशासन ने वीडियो का संज्ञान लेने की पुष्टि की है और कहा कि जांच के बाद आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# दुर्घटना करा सकते हैं सड़कों पर खड़े बिजली के खंभे

## पीलीभीत रोड पर महानगर कॉलोनी, सिटी स्टेशन रोड सहित कई सड़कों पर खंभों की वजह से हादसे का डर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** शहरी क्षेत्र में कई सड़कों पर ''मौत'' खड़ी है। सड़कों पर खड़े बिजली विभाग के खंभे और टेलीफोन खंभों को हटवाने के लिए सामाजिक संगठनों ने आवाज उठाई, लेकिन किसी स्तर पर ध्यान नहीं दिया गया। पीलीभीत रोड पर महानगर कॉलोनी के पास, ट्यूलिप टॉपर व फिनिक्स मॉल के सामने और सिटी स्टेशन रोड पर हनुमान मंदिर के पास सड़क पर खड़े खंभे कई बार दुर्घटना करा चुके हैं।


बन्नूवाल नगर में सड़क के बीच में पोल। • अमृत विचार


सिटी स्टेशन-चौपुला रोड पर बीच सड़क पर पोल के चलते हादसे का बना हुआ है डर।




घायलों की किस्मत साथ दे गई कि वह सही सलामत हैं, लेकिन बिजली के खंभे भविष्य में जीवन के लिए खतरा बने हुए हैं। रामपुर रोड पर शनिवार की देर रात सड़क किनारे खड़े पेड़ की वजह से हुए हादसे में तीन लोगों की जान चली गई। इस मामले में पीडब्ल्यूडी और वन विभाग की अनदेखी सामने आई है।

पीलीभीत रोड पर कई जगहों पर और जंक्शन रोड पर खड़े बिजली खंभों को नहीं हटाये गये तो बड़ी दुर्घटना हो सकती है। इन दोनों सड़कों के अलावा नगर निगम सीमा क्षेत्र की कई सड़कों पर जानलेवा बिजली खंभे खड़े हैं। सौ फुटा रोड के कट से एक सड़क छोटी विहार और मुंशीनगर सहित दर्जनों कालोनियों के लिए जाती है। दिनभर हजारों लोगों का आना-जाना रहता है।

कुछ माह पहले ही यह सड़क बनवायी गयी। शहर विधायक की निधि से सड़क का निर्माण हुआ, लेकिन इस सड़क के बीच में खड़े बिजली खंभे नहीं हटवाए गए। ये खंभे राहगीरों के लिए खतरा बने हुए हैं।

सिटी स्टेशन रोड पर हनुमान मंदिर के पास सड़क पर खंभा खड़ा है। इस रोड पर दिनभर ट्रैफिक का सैलाब निकलता है। बीसलपुर रोड पर रुहेलखंड पुलिस चौकी से लेकर हरुनगला तक सड़क किनारे कई खंभे खड़े हैं जो कभी भी हादसा करा सकते हैं। राजेंद्र नगर में गांधी नगर के सामने सड़क पर टेलीफोन के चार खंभे खड़े हैं। इन्हें हटवाने के लिए क्षेत्र के लोगों ने एक दर्जन से ज्यादा शिकायतें कीं, लेकिन बीएसएनएल के खंभे सड़क से नहीं हट पाए। इधर, सोमवार को हुई दिशा की बैठक में बिजली विभाग के मुख्य अभियंता ज्ञान प्रकाश को शहर की सड़कों पर खड़े बिजली खंभों को हटवाने के निर्देश दिए गए हैं।

- रामपुर रोड पर सड़क किनारे खड़ा पेड़ ले चुका कार सवार तीन लोगों की जान
- क्षेत्र के लोगों और सामाजिक संस्थाओं की आवाज को अनसुनी कर रहे विभाग





पीलीभीत बाईपास पर टियूलिप टावर के सामने बीच सड़क पर खंभा। • अमृत विचार




# घी के डिब्बों में सप्लाई हो रही थी अफीम, दो तस्कर गिरफ्तार

- झारखंड से सप्लाई, बरेली के रास्ते बदायूं तक होती थी अफीम की डिलीवरी
- पुलिस ने तस्करों के पास से 4.5 किलो अफीम और 5300 रुपये बरामद किए

संवाददाता, कैंट

**अमृत विचार :** थाना कैंट क्षेत्र के लाल फाटक के पास एएनटीएफ यूनिट ने बड़ी कार्रवाई करते हुए घी के डिब्बों में भर कर सप्लाई की जा रही साढ़े चार किलो अफीम के साथ दो तस्करों को पकड़ा है। आरोपी झारखंड के चतरा जिले के बाबूलाल दांगी और बदायूं के शिवकुमार बताए जा रहे हैं। उनके पास से 5300 रुपये नगद, एक मोबाइल फोन और कोडरमा से बरेली तक का रेल टिकट भी बरामद हुआ। पुलिस ने दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बरामद माल की कीमत लाखों रुपये आंकी जा रही है।


कैंट थाने में पुलिस हिरासत में अफीम तस्कर। • अमृत विचार

पुलिस के मुताबिक एएनटीएफ टीम को सूचना मिली थी कि झारखंड निवासी बाबूलाल दांगी बरेली में बदायूं निवासी शिवकुमार को अफीम की खेप सौंपने वाला है। सूचना मिलते ही टीम सतर्क हो गई और रविवार दोपहर लाल फाटक पुल के पास जुये की पुलिया के नजदीक घेराबंदी कर दोनों आरोपियों को बैग में अफीम का लेन-देन करते हुए पकड़ लिया।

तलाशी में घी के पांच डिब्बों में अफीम छिपाई मिली। इनमें चार डिब्बों में एक-एक किलो और एक में 500 ग्राम अफीम रखी थी। पूछताछ में बाबूलाल दांगी ने खुलासा किया कि वह कोडरमा से अफीम लाकर बरेली में बदायूं के थाना बिनावर क्षेत्र के गांव मिर्जापुर सिरसवा निवासी शिवकुमार को सप्लाई करता था। इसके बदले में शिवकुमार भुगतान खाते में ट्रांसफर करता था।

दोनों आरोपी जुलाई 2025 से लगातार संपर्क में थे। पुलिस ने बताया कि तस्कर अफीम को घी के डिब्बों में छिपाकर सप्लाई करते थे, ताकि कोई शक न करे। अब इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की पुलिस तालाश कर रही है। कार्रवाई में स्थानीय थाना पुलिस का भी सहयोग रहा है।

# सिर में डंडा मारने से हुई थी बालक राम की मौत

- शराब के नशे में मारपीट करने पर पत्नी और बेटी ने किया था हमला
- पुलिस ने दोनों को हिरासत में लिया, देर शाम तक पूछताछ

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** छोटी विहार के रहने वाले बालक राम की मौत सिर पर डंडे से सीधा प्रहार किए जाने के कारण हुई थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ है। पुलिस ने मामले में पत्नी और उसकी बेटी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस की जांच में सामने आया है कि बालक राम शराब के नशे में पत्नी और बेटी से मारपीट कर रहा था, बचाव के लिए उन्होंने कमरे में रखे डंडा से प्रहार किया, जिसमें उसकी मौत हो गई।

इज्जत नगर थाना क्षेत्र के छोटी विहार निवासी 45 वर्षीय बालक राम का शव रविवार की शाम घर के बरामदे में खून से लथपथ पड़ा मिला था, उसके शरीर पर खून से लथपथ और फर्श पर भी खून बह रहा था। उसकी पत्नी रेखा, बेटा और बेटी ने पुलिस को बताया था कि जब वह घर लौटे तो बालक राम को इस हालत में देखकर वह दंग रह गए थे। शोर सुनकर पड़ोसी भी मौके पर पहुंच गए थे। परिजनों ने शरीर पर चोटों के निशान देखते हुए हत्या की आशंका जताई थी। इज्जत नगर पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू की तो मोहल्ले वालों ने बताया कि बालक राम शराब पीने का आदी था। वह नशे में घर के बाहर गिर गया होगा।

## सड़क हादसे में युवक की मौत, परिवार में कोहराम

**बरेली, अमृत विचार :** बारादरी थाना क्षेत्र के डोहरा गोटिया निवासी 28 वर्षीय अजय उर्फ गुड्डू की रविवार शाम सड़क हादसे में मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिवार को सौंप दिया। जिला अस्पताल की मोर्चरी पर मिले पड़ोसी ने बताया कि अजय ससुराल में शादी में शामिल होने के लिए दरिया गांव जा रहे थे, तभी भुता रोड पर अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल अजय को पुलिस ने अस्पताल पहुंचाया, लेकिन देर रात उपचार के दौरान उनकी जान चली गई। हादसे की खबर से परिवार में मातम पसरा है, जबकि पत्नी आरती का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर गंभीर जांच शुरू कर दी है।

# धार्मिक भेदभाव का आरोप, मारपीट मामले में राजनीति गरमाई

- एआईएमआईएम के प्रदेश महासचिव ने एडीजी से मिलकर कार्रवाई की मांग की
- मुस्लिम पहचान के आधार पर हिंसा का आरोप, बोले-शांति के लिए कार्रवाई जरूरी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के प्रदेश महासचिव नदीम कुरैशी ने 15 फरवरी को बदायूं जिले के रुदायन कस्बे में हुई विवादित घटना को धार्मिक विद्वेष का मामला बताते हुए एडीजी से कड़ी कार्रवाई की मांग की है। एडीजी कार्यालय पहुंचे नदीम कुरैशी ने आरोप लगाया कि घटना वाले दिन दोपहर में आरिफ, जावेद और अब्दुल सलाम नामक तीन मुस्लिम व्यक्ति मुख्य मार्ग से गुजर रहे थे, तभी पीछे से आए अक्षय उर्फ छोटू नामक युवक ने उन्हें उनकी धार्मिक पहचान के आधार पर रोका और मारपीट की। सामने आए वीडियो में आरोपी को कथित रूप से धार्मिक टिप्पणी करते हुए टोपी उतारने को कहते हुए भी देखा गया है। इसे लेकर मुस्लिम समाज की भावनाएं आहत हुईं। कहा कि यह कृत्य सिर्फ मारपीट का नहीं, बल्कि समाज के एक विशेष समूह के प्रति घृणा और नफरत फैलाने का प्रयास है। उन्होंने एडीजी से दोषी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग करते हुए कहा कि ऐसे घटनाक्रम कानून व्यवस्था और सामाजिक सद्भाव के लिए गंभीर चुनौती हैं। पार्टी कार्यकर्ताओं का कहना है कि घटना के समय कई लोग मौके पर मौजूद थे। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, लेकिन राजनीतिक और सामाजिक संगठनों की ओर से इसे घृणा अपराध और सांप्रदायिक भड़काऊ घटना बताया जा रहा है।


एडीजी कार्यालय पहुंचे एआईएमआईएम के पदाधिकारी और कार्यकर्ता।

## बदायूं में मुसलमानों से मारपीट करने वालों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए : अदनान रजा कादरी

**बरेली, अमृत विचार :** नबीरा-ए-आला हजरत व ऑल इंडिया रजा एक्शन कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना अदनान रजा कादरी ने कहा है कि बदायूं के इस्लाम नगर में तीन मुसलमानों को सरेराह पीटने के आरोपी पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। बयान में कहा है कि पीड़ितों ने अपनी तहरीर में जो कुछ लिखा है और सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो से साफ जाहिर है, उसके मद्देनजर आरोपी पर कार्रवाई नहीं की गई, महज शांति भंग में चालान करके उसकी आसान रिहाई का रास्ता साफ किया गया। आरोपी पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करने की मांग की। अदनान मियां ने कहा है कि रमजान का मुकद्दस महीना चल रहा है। मुसलमान इबादतों में लगे हैं। देशभर से खबरें आ रही हैं कि मुसलमान होने के कारण उनके साथ अन्याय किया जा रहा है। नबीरा-ए-आला हजरत ने कहा कि अगर गुंडे इसी तरह खुलेआम मुसलमानों का उत्पीड़न करते रहेंगे और उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी या हल्की-फुल्की कार्रवाई करके मामले टाल दिए जाएंगे तो कानून व्यवस्था का क्या मतलब रह जाएगा? बदायूं सहित ऐसे सभी मामलों में आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की।

सिटी ब्रीफ

## मोहित शर्मा बने शहर के स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर



**बरेली, अमृत विचार :** नगर निगम ने आशुतोष सिटी निवासी मोहित शर्मा को स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया गया। मोहित कई वर्षों से स्वच्छता, पर्यावरण, रक्तदान एवं अनेक क्षेत्रों में अपना योगदान दे रहे हैं। इससे पहले भी वह स्वच्छ सर्वेक्षण के ब्रांड एंबेसडर के रूप में नगर निगम के साथ मिलकर कई कार्यक्रमों में अपनी सहभागिता कर चुके हैं। नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने उनके कार्यों की सराहना करते हुए उनसे आगे भी इसी प्रकार शहर को स्वच्छता में अव्वल बनाने में सहयोग देने के लिए प्रेरित किया।

## यातायात नियमों की दिलाई शपथ



**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज में सड़क सुरक्षा अभियान और जीरो फैटेलिटी समाधान के अंतर्गत सड़क सुरक्षा क्लब की ओर से सोमवार को कॉलेज परिसर में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन हुआ। सड़क सुरक्षा संयोजक डॉ. अरविंद कुमार ने विद्यार्थियों को यातायात नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई। घायलों की सहायता के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सड़क सुरक्षा के प्रति विद्यार्थियों में जन-जागरुकता बढ़ाना था। प्रो. मनु प्रताप, डॉ. अंकुर श्रीवास्तव, डॉ. रीतेश रावत, डॉ. अजीत कुमार आदि मौजूद रहे।

# प्रमुख मुख्य विद्युत इंजीनियर को बताई कर्मचारियों की समस्याएं



प्रमुख मुख्य विद्युत इंजीनियर एसके सिंघल से वार्ता करता प्रतिनिधिमंडल।

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** प्रमुख मुख्य विद्युत इंजीनियर गोरखपुर एसके सिंघल सोमवार को इज्जतनगर मंडल पहुंचे। एनई रेलवे मेंस कांग्रेस व ऑल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन के प्रतिनिधि मंडल ने उन्हें कर्मचारियों की समस्याओं से अवगत कराया।

पीसीपी सेट कैरी कराने, हैमर पेचकस कैरी कराने, टीपीयू रनिंग रूम को आरपीएफ से मुक्त कराने, टॉवर वैगन पर कार्यरत लोपा को 160 किलोमीटर प्रतिदिन के हिसाब से माइलेज का भुगतान करने, सेल भत्ते को रिवाइज कराने, गुड्स लोपा की 36 घंटे में हेड क्वार्टर वापसी कराने की मांग उठाई गई। प्रतिनिधिमंडल ने उम्मीद जताई है कि प्रमुख मुख्य विद्युत इंजीनियर इन समस्याओं का समाधान करेंगे। मंडल मंत्री रजनीश तिवारी, एसके सुमन, राजू कुमार, राकेश कुमार, छबिलाल यादव, निरंजन कुमार आदि मौजूद रहे।

# शहर के विकास की धूल में फूल रहीं लोगों की सांसें

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- छिड़काव नहीं होने से दुकानदार खुद पानी डालने को मजबूर
- सड़क के दोनों ओर खुदाई से लोग आने-जाने में हो रहे परेशान



डेलापीर रोड पर वाहनों की आवाजाही के दौरान उड़ती धूल। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** स्मार्ट सिटी में विकास के नाम पर जनता खूब जूझ रही है। डेलापीर से स्टेडियम रोड और सिटी स्टेशन रोड पर एक साथ खोदाई ने दोनों प्रमुख मार्गों की व्यवस्था ध्वस्त कर दी है। अधिकारियों के बीच समन्वय की कमी इतनी साफ नजर आ रही है कि सवाल उठता है-क्या काम तेजी से करना जरूरी है या जनता की सुविधा? धूल के गुबार ने लोगों की सांसें फुला दी हैं, पैदल चलना भी खतरे से भरा हो गया है।

सड़क पर उड़ती धूल के बीच वाहन चालकों की रफ्तार इतनी धीमी हो गई है कि ट्रैफिक जाम भी रोजमर्रा की कहानी का हिस्सा बन गया है। सिटी स्टेशन रोड पर चौपुला पुल से किला पुल तक पांच करोड़ रुपये की लागत से सीसी रोड का निर्माण चल रहा है। खोदाई के दौरान उड़ती धूल ने इलाके को असहनीय बना दिया है। भारी वाहनों का आवागमन रोक दिया गया है, लेकिन छोटी गाड़ियों की कतारें दिनभर लंबी-लंबी खिंची नजर आती हैं। चौपुला पुल के पास जाम की स्थिति आम बात हो गई है। लोगों का कहना है कि काम तो तेजी से हो रहा है, लेकिन जनता की सहूलियत को ध्यान में नहीं रखा जा रहा है।

वहीं, सीएम ग्रिड योजना फेज-1 के अंतर्गत डेलापीर से स्टेडियम रोड पर सड़क चौड़ीकरण कराई जा रही है। कहीं एक तरफ तो कहीं दोनों तरफ सड़क खोद दी है। सड़क किनारे गहरे गड्ढे खोदे हैं। यहां रात में दिक्कत बढ़ जा रही है, दिन में भी वाहन चालकों को मशक्कत करनी पड़ रही है। इसी तरह सीएम ग्रिड योजना फेज-2 के तहत कोहाड़ापीर से कुदेशिया फाटक व कोहाड़ापीर से प्रेमनगर धर्मकांटा तक माडल रोड बनाने के लिए सड़क का चौड़ीकरण कराया जा रहा है। इस रोड पर सबसे ज्यादा धूल उड़ रही है। दुकानदार खुद बाल्टी से पानी डालकर धूल कम करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन यह सिर्फ अस्थायी समाधान है। विकास तो दिख रहा है, लेकिन उसकी कीमत सीधे जनता चुकाती नजर आ रही है।

नगर निगम के मुख्य अभियंता मुनीश अवस्थी का कहना है कि सीएम ग्रिड योजना में माडल सड़कों का चौड़ीकरण कराया जा रहा है। अलग-अलग मार्गों पर ठेकेदार भी अलग-अलग लगाए गए हैं। सुरक्षा के भी इंतजाम किए हैं। चूंकि निर्माण के लिए मौसम अनुकूल है, इसलिए तेजी से कार्य कराया जा रहा है। धूल न उड़े इसके लिए ठेकेदार की ओर से छिड़काव भी दिन में कई बार कराया जाता है।

# देश की धरोहर मानकर बच्चों का करें सर्वांगीण विकास

## राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के संयुक्त सचिव ने कलेक्ट्रेट में की समीक्षा बैठक, योजनाओं की प्रगति जानी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- अफसरों को पीएम श्री विद्यालयों का भौतिक निरीक्षण करने के दिए निर्देश





अधिकारियों के साथ पीएम श्री स्कूलों को लेकर बैठक करते राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के सचिव अमित निर्मल। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के संयुक्त सचिव अमित निर्मल की अध्यक्षता में सोमवार शाम कलेक्ट्रेट सभागार में पीएम श्री विद्यालयों के योजनाओं को तय समय पूरा करने, बजट और गुणवत्ता के साथ जमीनी स्तर पर उतारने के लिए समीक्षा की गयी।

बैठक में पीएम श्री विद्यालयों में छात्र एवं छात्राओं को दी जाने वाली सुविधाओं की स्थिति के बारे में जानकारी ली गई। संयुक्त सचिव ने बच्चों के कौशल विकास, व्यावसायिक विकास, विद्यालयों में कंप्यूटर लैब की स्थिति, जल संचयन, सेल्फ डिफेंस ट्रेनिंग, खेल व्यवस्थाएं, यूथ इको क्लब, गाइडेंस एंड करियर काउंसलिंग मेला, टीचिंग लर्निंग मटेरियल, बौद्धिक एवं मानसिक स्वास्थ्य, कॉम्पिटेंसी बेस्ड एसेसमेंट, स्कूल बैंड सहित अन्य व्यवस्थाओं पर जानकारी ली। उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राओं को इस भावना से पढ़ाएं और बढ़ाएं कि हम लोग देश के भविष्य का विकास कर रहे हैं। बच्चों का विकास देश की एक धरोहर मानकर करें।

बच्चों को नियमित रूप से किताबें, स्कूल ड्रेस मिलती रहे। बच्चों के बौद्धिक और मानसिक विकास के लिए नियमित काउंसलिंग की व्यवस्था बनी रहे। अध्यापकों का प्रशिक्षण करवाने के भी निर्देश दिए। कहा कि बच्चों के कौशल विकास और नए प्रयोग संबंधित विकास पर भी विशेष ध्यान दिया जाए। हमको कंप्लायंस बेस्ड सिस्टम से आउटकम बेस्ड सिस्टम की तरफ बढ़ना चाहिए। विद्यालयों में पुस्तकालयों की स्थिति ठीक न होने पर उन्होंने सुधार के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि प्रधानाचार्यों को बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए लीड लेकर कार्य करना होगा। बच्चों को नवाचार और नई प्रौद्योगिकी के बारे में भी जानकारी दी जाए। संयुक्त सचिव ने पीएम श्री विद्यालयों के प्रधानाचार्यों से भी छात्र-छात्राओं के विकास को सुझाव लिए। जिलाधिकारी अविनाश सिंह, मुख्य विकास अधिकारी देवयानी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आदि मौजूद रहे।

### स्कूलों का निरीक्षण किया

बैठक से पहले संयुक्त सचिव ने पीएम श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय चुरई दलपतपुर और पीएम श्री राजकीय इंटर कालेज बरेली का निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालयों के विकास संबंधित संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन एवं वास्तविक स्थिति के बारे में जानकारी ली।

## जरूरतमंद महिलाओं को वस्त्र वितरित किए

**बरेली, अमृत विचार :** बाबा संत गाडगे धोबी समाज सेवा समिति ने सिठौर स्थित नई बस्ती में संत गाडगे महाराज की जयंती मनाई।

इस दौरान 101 जरूरतमंद महिलाओं को वस्त्र वितरित किए। अतिथियों और समिति सदस्यों ने संत गाडगे महाराज के आदर्शों को याद करते हुए समाज सेवा का संकल्प लिया।

मुख्य अतिथि राजवीर सिंह ने कहा कि संत गाडगे महाराज ने अपना संपूर्ण जीवन समाज के पिछड़े और जरूरतमंदों की सेवा में समर्पित कर दिया। उनके बताए मार्ग पर चलकर ही समाज में वास्तविक परिवर्तन लाया जा सकता है।

इस दौरान कालीचरण दिवाकर, तारा चंद्र, संतोष दिवाकर अरविंद दिवाकर समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

# शिक्षा, स्वच्छता, समानता व आत्मसम्मान ही समाज को आगे बढ़ाने का मार्ग

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- सर्वजन आम पार्टी ने संत गाडगे महाराज की मनाई जयंती



कार्यक्रम को संबोधित करते सर्वजन आम पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयप्रकाश भास्कर।

**अमृत विचार :** सर्वजन आम पार्टी ने सोमवार को आईएमए हाल में कार्यक्रम आयोजित कर समाज सुधारक संत गाडगे महाराज की 150 वीं जयंती धूमधाम से मनाई।

कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयप्रकाश भास्कर ने कहा कि हम सभी को कर्मयोगी संत गाडगे महाराज की जयंती पर एकत्रित होने का अवसर मिला है। संत गाडगे महाराज ने हमें सिखाया कि समाज की सच्ची सेवा, इंसान के दुखों को दूर करने के लिए क्या करना चाहिए है। उन्होंने अपने जीवन से बताया कि शिक्षा, स्वच्छता, समानता और आत्मसम्मान ही समाज को आगे बढ़ाने का मार्ग है। उन्होंने झाड़ू उठाकर समाज को स्वच्छता का संदेश दिया और अपने शब्दों से अज्ञानता के अंधकार को मिटाने का कार्य किया। संत गाडगे महाराज के उद्देश्य से प्रेरणा लेकर सर्वजन आम पार्टी का गठन किया है। ओपी भास्कर, संजय गुप्ता, उपेंद्र कुमार समेत कई अन्य लोग उपस्थित रहे।

## समाज सुधार के प्रतीक थे संत गाडगे



**बरेली, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी कार्यालय पर संत शिरोमणि गाडगे महाराज की जयंती पर विचार गोष्ठी आयोजित की गई। महानगर अध्यक्ष शमीम खां सुल्तानी ने कहा कि संत गाडगे स्वच्छता अभियान और समाज सुधार के प्रेरक थे। बाबा साहब वाहिनी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुरेन्द्र सोनकर, महानगर उपाध्यक्ष राजेश मौर्य ने भी विचार रखे। अशोक यादव, पंडित दीपक शर्मा, हरिओम प्रजापति, रणवीर जाटव, छेदालाल दिवाकर, संजय वर्मा, रामवीर दिवाकर, मोहित भारद्वाज, आदित्य कश्यप, सचिन आनंद, श्यामवीर यादव, जितेंद्र मुंडे, रामसेवक प्रजापति, डॉ. सत्यदेव ओझा, जावेद गद्दी, हिमांशु सोनकर, नितीश वाल्मीकि, विजेंद्र सिंह, गंगा सिंह यादव आदि मौजूद रहे।

# संत गाडगे की शिक्षा युगों तक भारत का मार्गदर्शन करेगी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- अनुसूचित मोर्चा भाजपा महानगर ने कार्यक्रम आयोजित किया

**अमृत विचार :** बाबा संत गाडगे महाराज की जयंती के उपलक्ष्य में अनुसूचित मोर्चा भाजपा महानगर ने सोमवार को पार्टी कार्यालय पर कार्यक्रम का आयोजन किया। मुख्य अतिथि वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार ने संत गाडगे के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका शिक्षा, स्वास्थ्य, सफाई पर दी हुईं शिक्षाएं युगों-युगों तक भारत का मार्गदर्शन करती रहेंगी। भाजपा महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना ने कहा कि संत गाडगे संपूर्ण भारतवर्ष के पूजनीय संत हैं।

वह कहते थे कि भले ही आप एक रोटी कम खाना, लेकिन अपने बच्चों को अवश्य शिक्षित करना। मुख्य वक्ता मनोज थपलियाल ने बाबा संत गाडगे के संघर्षों के बारे में बताते हुए उनके जीवन से प्रेरणा लेने के लिए कहा। अध्यक्षता अनुसूचित मोर्चा के महानगर अध्यक्ष योगेश वाल्मीकि और संचालन महामंत्री विकास पासवान ने किया। हरीश बाबू वाल्मीकि, दीपक सोनकर, आकाश पुष्कर, शिशुपाल कठेरिया, हरबंस सिंह, छत्रपाल दिवाकर, अजय, विशाल सिंह, रामनिवास आर्य, सुनील भारत, संजय वाल्मीकि, मुकेश पासवान आदि उपस्थित थे।






कार्यक्रम में मौजूद वनमंत्री डॉ. अरुण कुमार व अन्य। ● अमृत विचार

## सिटी डायरी

### टीम का विस्तार कर शिक्षकों की समस्याओं पर की चर्चा



**बरेली, अमृत विचार :** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ जनपद बरेली के तत्वावधान में सोमवार को सरस्वती विद्या मंदिर ब्रजलोक कॉलोनी में जिलाध्यक्ष प्रियंका शुक्ला की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें टीम का विस्तार कर शिक्षकों की अवशेष एरिया, चयन वेतनमान, गैर शिक्षण कार्य के कारण विद्यालयों में शिक्षकों की कमी आदि विषयों पर चर्चा की गई। त्वरित निस्तारण को बीएसए एवं लेखा अधिकारी से वार्ता के लिए योजना बनाई गई। इसके साथ ब्लाक रामनगर की टीम का पुनर्गठन किया गया। अध्यक्ष त्रिभुवन सिंह, महामंत्री विपिन कुमार, संगठन मंत्री भानु प्रताप सिंह चौहान मनोनीत हुए। ब्लॉक भोजीपुरा के संगठन मंत्री अमित कुमार, ब्लॉक आलमपुर जाफराबाद से विनय कुमार शर्मा को संगठन मंत्री मनोनीत किया। जिला संगठन मंत्री सत्यार्थ पाराशरी ने नव मनोनीत पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता के शपथ दिलाई। जिला महामंत्री सुनील कुमार शर्मा, शरद कुमार दीक्षित, निमित्त पाठक, डॉ. शिखा अग्रवाल, पारुल चंद्र, शालिनी सक्सेना, राजेंद्र प्रसाद, सत्यपाल सिंह, अवनीश गंगवार, दीपक कुमार, राजपाल गंगवार, अरविंद कुमार, कैलाश चंद्र, शिशेंद्र गंगवार आदि उपस्थित रहे।



### जीएसटी अधिकारी और व्यापारियों ने किया संवाद

**बरेली, अमृत विचार :** शासन के निर्देश पर राज्य कर विभाग जोनल कार्यालय में सोमवार को व्यापारी संवाद कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें व्यापारियों की समस्याओं और उनके समाधान पर विचार-विमर्श किया गया। अध्यक्षता अपर आयुक्त ग्रेड-1 आशीष निरंजन ने की। नवनियुक्त सदस्य व्यापारी कल्याण बोर्ड राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता का स्वागत किया गया। अपर आयुक्तग्रेड-2 श्याम प्रसाद (अपील), राजेश जसौरिया, दुर्गेश खटवानी, मनमोहन सब्बरवाल, अवधेश अग्रवाल, दिलीप गुप्ता, ईशान गुप्ता आदि मौजूद रहे। वहीं, राज्य कर विभाग के स्थापना दिवस के अवसर पर जोनल कार्यालय परिसर में प्रतिदिन सांयकाल में होने वाले बैडमिंटन, कैरम एवं शतरंज प्रतियोगिताओं का शुभारंभ राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता ने किया।

### कुक्कुट उत्पादन और व्यवसाय प्रबंधन पर प्रशिक्षण शुरू

**बरेली, अमृत विचार :** केंद्रीय पक्षी अनुसंधान संस्थान में स्थापित एग्रीबिजनेस इंक्यूबेशन केंद्र की ओर से संपूर्ण कुक्कुट उत्पादन एवं व्यवसाय प्रबंधन विषय पर ऑनलाइन और ऑफलाइन माध्यम से पांच दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम का शुभारंभ सोमवार हुआ। जिसमें पाठ्यक्रम समन्वयक एवं प्रभारी डॉ. संदीप सरन ने कुक्कुट क्षेत्र में व्यवसाय के अवसर, मॉडल और कृषि व्यवसाय इंक्यूबेशन सेवाएं आदि के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में जापानी बटेर, टर्की, गिनी फाउल, बैकयार्ड कुक्कुट पालन के साथ-साथ ब्रायलर, लेयर उत्पादन प्रौद्योगिकियों, संस्थान में विकसित विभिन्न कुक्कुट प्रजातियों, कुक्कुट रोग, उनके उपचार, टीकाकरण, जैव सुरक्षा, एकीकृत कुक्कुट पालन, हैचरी प्रबंधन व कुक्कुटों में कृत्रिम गर्भाधान आदि विषयों पर संस्थान के वैज्ञानिक व कुक्कुट उद्योग से जुड़े अनुभवी पेशेवरों की ओर से प्रशिक्षण दिया जायेगा। इस प्रशिक्षण में प्रदेश के अलावा बिहार, मध्य प्रदेश और उत्तराखंड से 2 महिला प्रशिक्षुओं सहित कुल 22 प्रशिक्षु भाग ले रहे हैं। इसमें 12 प्रशिक्षु संस्थान में ऑफलाइन और 10 ऑनलाइन मोड में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। संचालन प्रधान वैज्ञानिक डॉ. संदीप सरन ने किया। डॉ. जयदीप रोकड़े, रघुविंदर कुमार, वैभवी कटरू आदि उपस्थित रहे।

### बजरंग दल की प्रांत बैठक 28 फरवरी को



**बरेली, अमृत विचार :** बजरंग दल की प्रांत बैठक का आयोजन 28 फरवरी होगा। जिसमें सभी प्रांत कार्यकर्ता भाग लेंगे। प्रांत बैठक की तैयारियों के लिए विहिप कार्यालय श्रीकृष्ण लीला स्थल में सोमवार को महानगर की बैठक संपन्न हुई। विभाग संयोजक नीरज चौरसिया ने बताया कि प्रांत बैठक में क्षेत्र संगठन मंत्री मुकेश खांडेकर, क्षेत्र संयोजक अनुज वालिया, प्रांत संगठन मंत्री राजेश कुमार सहित आदि पदाधिकारी भाग लेंगे। बैठक केशव कृपा संघ कार्यालय में आयोजित की जाएगी। महानगर मंत्री संजय शुक्ला, महानगर संयोजक केवलानंद गौड़, निखिल गंगवार, भगवान दास, राजकुमार राजपूत आदि उपस्थित रहे।

## युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष की गिरफ्तारी के विरोध में प्रदर्शन

**बरेली, अमृत विचार :** युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु की गिरफ्तारी के विरोध में सोमवार को युवा कांग्रेस ने चौकी चौराहे पर प्रदर्शन किया। जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष साहब सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री का पुतला फूंका। कार्यकर्ताओं का कहना था कि शांतिपूर्ण ढंग से विरोध-प्रदर्शन करना उनका संवैधानिक एवं लोकतांत्रिक अधिकार है।

आरोप है कि प्रदर्शन के दौरान कोतवाली पुलिस ने हस्तक्षेप करते हुए साहब सिंह को हिरासत में ले लिया। कांग्रेस प्रवक्ता पंडित राज शर्मा ने कहा कि लोकतंत्र में शांतिपूर्ण विरोध को दबाना संविधान की मूल भावना के विरुद्ध है। महानगर अध्यक्ष दिनेश दद्दा ने भी गिरफ्तारी की निंदा करते हुए प्रशासन से अविलंब रिहाई की मांग की। कहा कि यदि लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन जारी रहा तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

# पंचायत चुनाव को लेकर सरकार की मंशा साफ नहीं

कार्यालय संवाददाता, बरेली



प्रेस वार्ता में बोलते सपा सांसद नीरज मौर्य।

- आंवला सांसद नीरज मौर्य ने स्वास्थ्य सेवाओं और आवारा पशुओं की दुर्दशा पर जताई चिंता

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के आंवला सांसद नीरज मौर्य ने सोमवार को सर्किट हाउस में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में सरकार पर चौतरफा हमला बोला। उन्होंने कहा कि पंचायत चुनाव इस साल होना चाहिए थे, लेकिन इसे जानबूझकर टाला जा रहा है। 2024 के चुनाव में भाजपा को झटका लगा था, इसलिए उनकी मंशा संदिग्ध लगती है। सांसद ने आवारा पशुओं की दुर्दशा, स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली और किसानों की समस्याओं को प्रमुख मुद्दा बनाया।

उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार की नीतियां जनविरोधी हैं और गौवंश की उपेक्षा का ''''श्राप'''' 2027 में सरकार के पतन का कारण बनेगा। उन्होंने बरेली में एम्स की मांग, बंद पड़ी रेल सेवाओं के पुनः संचालन और क्रिटिकल केयर अस्पताल के लिए जमीन उपलब्ध न कराने पर भी सरकार को घेरा।

नीरज मौर्य ने आवारा पशुओं के मुद्दे पर कहा कि सरकार गायों की हत्या करवा रही है, जिससे किसान और अन्नदाता दोनों परेशान हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि आंवला की गौशाला में 25 गायें मर गईं, वहीं से पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह आते हैं। सांसद ने कहा कि लोकसभा में पूरे भारत में गौवंश संरक्षण के लिए अलग आयोग बनाने की मांग उठाई है।

स्वास्थ्य सेवाओं पर कहा कि पीएम केयर फंड से एक हजार वेंटिलेटर मिले थे, लेकिन जानकारी मिल रही है कि वे काम ही नहीं कर रहे हैं। 300 बेड अस्पताल और क्रिटिकल केयर यूनिट को लेकर भाजपा नेताओं की संवेदनशीलता पर सवाल उठाते हुए उन्होंने बरेली में एम्स की जरूरत को फिर से दोहराया। किसानों की बदहाली पर दुख जताते हुए कहा कि कृषि प्रधान देश में किसान को फसल का सही दाम नहीं मिल रहा है। किसानों को हर साल कम कीमत पर उपज बेचनी पड़ रही है।

### केंद्र से मिलता है जवाब, राज्य सरकार रहती है मौन

आंवला से सांसद ने राज्य सरकार पर सवाल उठाए कि जब वे राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और केंद्रीय मंत्रियों को पत्र लिखते हैं, तो तुरंत जवाब मिलता है, लेकिन उत्तर प्रदेश की सरकार उनकी बातों और पत्रों पर ध्यान नहीं देती। उन्होंने कहा कि स्थानीय विकास और परिवहन सुविधाओं के लिए राज्य सरकार की उदासीनता चिंताजनक है। सांसद ने आंवला के लिए अलीगंज बाईपास की मरम्मत और बांदीकुई मार्ग पर बंद ज्योति बहेड़ा रेल सेवा को जल्द बहाल करने की मांग भी की।

## सिटी ब्रीफ

### रुविवि में प्लेसमेंट ड्राइव 7 छात्रों का चयन

**बरेली, अमृत विचार :** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेल की ओर से सोमवार को प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन हुआ, जिसमें बीटेक के 70 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। पहले चरण में वर्बल इंग्लिश कम्युनिकेशन स्क्रीनिंग हुई, जिसमें 51 छात्र तकनीकी राउंड में पहुंचे। कोडिंग आधारित समस्याओं के समाधान के बाद 31 छात्रों का एचआर इंटरव्यू हुआ। अंतिम चरण में 7 छात्रों को प्लेसमेंट लेटर तथा 14 को इंटर्नशिप ऑफर लेटर प्रदान किए गए। कार्यक्रम कुलपति प्रो. केपी सिंह के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के अधिकारी डॉ. मनोज कुमार सिंह, प्रोडेक्स आईटी प्राइवेट लिमिटेड नोएडा की ओर से एचआर मैनेजर नकुल कुमार, आईटी रिक्रूटर काजल सिंह, सीएसआईटी के प्लेसमेंट को-ऑर्डिनेटर डॉ. अनिल कुमार बिष्ट, विभागाध्यक्ष प्रो. विनय ऋषिवाल, डॉ. अश्वनी गुप्ता, विनय मौर्य, डॉ. विशाल सक्सेना, महेश कुमार उपस्थित रहे।

### एनएसएस शिविर में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**आंवला/बरेली, अमृत विचार :** डॉ. राम मनोहर लोहिया राजकीय महाविद्यालय में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के तृतीय दिवस पर स्वयंसेवकों ने मोहल्ला गोटिया व ग्राम रहटुइया में स्वच्छता अभियान चलाकर श्रमदान किया तथा ग्रामीणों को जागरूक किया। द्वितीय सत्र में समाजसेवी असगर बेग ने मतदाता जागरूकता पर व्याख्यान दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. देवीशरण व डॉ. सौरभ कुमार ने किया।

### 21 छात्र रहे गैरहाजिर

**बहेड़ी/ बरेली, अमृत विचार :** सोमवार को लाखन सिंह इंटर कॉलेज, राजू नगला में यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाओं 21 स्टूडेंट्स गैर हाजिर रहे। हाईस्कूल प्रथम पाली अंग्रेजी में 324 स्टूडेंट्स पंजीकृत थे जिसमें से 306 छात्र उपस्थित रहे, और 18 अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली इंटरमीडिएट में जीव विज्ञान और गणित में 52 छात्र पंजीकृत थे, जिसमें से 49 स्टूडेंट्स उपस्थित रहे और 3 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। स्टेटिक मजिस्ट्रेट जितेन्द्र गंगवार ने बताया कि परीक्षा केंद्र पर सीसीटीवी से लगातार निगरानी की जा रही है।

# अमृत विचार कार्यालय आकर बच्चों ने जाना अखबार का संसार

- एलन किड्स के बच्चों ने समझीं समाचार पत्र की बारीकियां

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** दुनिया भर की खबरें एक कागज पर सिमटकर हमारे ड्राइंग रूम तक कैसे पहुंचती हैं? इस जिज्ञासा को शांत करने के लिए एलन किड्स के नन्हे छात्र-छात्राओं ने 'अमृत विचार' समाचार पत्र के कार्यालय और प्रिंटिंग प्रेस का शैक्षणिक भ्रमण किया। बच्चों ने पत्रकारिता के विविध आयामों और अखबार तैयार होने की पूरी प्रक्रिया को देखा।


अमृत विचार प्रिंटिंग प्रेस में हाथों में समाचार पत्र लेकर उत्साहित नजर आए एलन किड्स के बच्चे। • अमृत विचार


अमृत विचार समाचार पत्र में अपना फोटो देख खुश होते बच्चे। • अमृत विचार

कार्यालय भ्रमण के दौरान संस्थान के सीओओ पार्थो कुनार ने बच्चों का आत्मीय स्वागत कर उन्हें अखबार की कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से जानकारी दी। रिपोर्टर्स के दिनभर खबरें एकत्रित करने फिर उन्हें डेस्क पर संपादकीय टीम द्वारा तराशने की जानकारी दी। बच्चों ने उस अत्याधुनिक सॉफ्टवेयर को भी देखा, जिस पर पेज की डिजाइनिंग होती है।

**प्रिंटिंग प्रेस देख रोमांचित हुए बच्चे:** बच्चों ने जब प्रिंटिंग मशीन को तेज रफ्तार में चलते और सफेद कागज को खबरों से रंगते हुए देखा तो उनके चेहरे खिल उठे। उन्होंने समाचार संकलन के बदलते तौर-तरीकों और डिजिटल पत्रकारिता के महत्व को भी समझा। भ्रमण के अंत में बच्चों ने आभार व्यक्त किया। म्यूजिक टीचर अनिकेत सिंह और सतेंद्र ने कहा कि इस तरह के अनुभवों से बच्चों में खोजी प्रवृत्ति और समाज के प्रति जागरूकता विकसित होती है। स्कूल के शिक्षक और 'अमृत विचार' परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

## मेधावी छात्रा ने बढ़ाया मान, कलेक्ट्रेट में मिला सम्मान

- महिला कल्याण विभाग की ओर से हुआ था कार्यक्रम

**मीरगंज/ बरेली अमृत विचार:** शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में महिला कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ मेधावी छात्रा सम्मान आयोजित कार्यक्रम के अंतर्गत मेधावी छात्रा सलोनी गंगवार को 5000 रूपए का डमी चेक देकर सम्मानित किया गया।


वह हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा 2025 में टॉप 10 में बालिकाओं में चौथे स्थान पर रही, जिसके लिए उन्हें जिलाधिकारी, सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार, मेयर उमेश गौतम, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल और विधायक नवाबगंज डॉक्टर एमपी आर्य ने सम्मानित किया।

# तकनीकी प्रतियोगिता में रोबो सैपियंस प्रथम

## रुविवि के इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी संकाय में राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी संकाय में सोमवार को रोबोटिकी, इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) एवं एम्बेडेड प्रणाली विषय पर राष्ट्रीय स्तर की व्यवहारिक कार्यशाला का आयोजन हुआ। तकनीकी सत्रों में एमरोबो डॉट इन के संस्थापक एवं तकनीकी विशेषज्ञ अमितोज सिंह ने प्रतिभागियों को आर्डुइनो के मूल सिद्धांतों, त्रि-आयामी अभिकल्प सॉफ्टवेयर, गिटहब व विभिन्न सेंसरों के उपयोग पर व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया।



कार्यक्रम में विजेताओं के साथ अतिथि और शिक्षक। • अमृत विचार

विद्यार्थियों ने लाइन फॉलोअर रोबोट, गृह स्वचालन मॉड्यूल प्रणाली सहित विभिन्न परियोजनाओं का निर्माण किया। 20 टीमों को उपलब्ध उपकरणों के आधार पर स्वयं का प्रारूप तैयार करने का कार्य दिया गया। प्रतिभागियों ने मरीन सेंस कृत्रिम बुद्धिमत्ता, भीड़ नियंत्रण प्रणाली, कक्ष बुद्धिमत्ता प्रणाली, कार्यस्थल परीक्षक जैसे नवाचार प्रस्तुत किए। तकनीकी प्रतियोगिता में टीम रोबो सैपियंस (अश्मित वर्मा, बिलाल खान, नितिश महौर और सोमिल खन्ना) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। टीम ने अनुकूल मोबाइल निगरानी रोवर विकसित किया, जो अवरक्त सेंसर की सहायता से बाधाओं से बचते हुए संचालित होता है।

तापमान और आर्द्रता मापने में सक्षम है। द्वितीय स्थान पर टीम 4 टेक स्टार्म एवं टीम 16 टेक स्कार्ड रही। तृतीय स्थान टीम 8 मेकमाफिया व टीम 7 टीम रॉकेट को प्राप्त हुआ। निर्णायक मंडल में डॉ. आशीष जैन एवं डॉ. हरि कुमार सिंह रहे। कार्यक्रम प्रो. अर्चना गुप्ता के मार्गदर्शन में हुआ। प्रो. यतेन्द्र कुमार ने विजेताओं को सम्मानित किया। डॉ. मुकुल कुमार गुप्ता, डॉ. अतुल सरोजवाल, डॉ. इन्द्रप्रीत कौर, डॉ. रामजी, डॉ. रोहित आदि मौजूद रहे।

### भाषण प्रतियोगिता दीपांशु ने प्रथम स्थान प्राप्त किया

**बरेली, अमृत विचार :** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय के सांस्कृतिक केंद्र के कल्चरल क्लब के दीपांशु दीप ने भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता का आयोजन श्री अग्रसेन सेवा ट्रस्ट की ओर से रविवार को रोटरी भवन में हुआ था। प्रतियोगिता में 10 से अधिक महाविद्यालयों के 24 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया था। जिसमें दीपांशु दीप और अभय ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया। विजयी प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह, प्रभारी कुलसचिव प्रो. एसके पांडेय, परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार सिंह, सांस्कृतिक समन्वयक डॉ. ज्योति पांडेय, डॉ. इंद्रप्रीत कौर, डॉ. रीना, डॉ. सौरभ, डॉ. राजकुमार, डॉ. मोनिका, तपन वर्मा आदि ने दीपांशु को बधाई दी है।

## टीईटी की अनिवार्यता के विरोध में शिक्षक लामबंद

- काली पट्टी बांधकर शिक्षकों ने आक्रोश जताया
- कहा-2011 से पहले नियुक्त शिक्षकों पर टेट थोपना गलत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** टेट (टीईटी) की अनिवार्यता के विरोध में सोमवार को जिले भर के हजारों शिक्षक-शिक्षिकाओं ने काली पट्टी बांधकर स्कूलों में शिक्षण और एसआईआर का कार्य किया। शिक्षकों का कहना है कि 2011 से पहले नियुक्त शिक्षकों पर टेट को बैक डेट से लागू करना अन्याय है। दरअसल, टेट को अनिवार्य करने के आदेश के बाद शिक्षक संगठन इसका विरोध कर रहे हैं।

प्राथमिक शिक्षक संघ के वरिष्ठ शिक्षक नेता हरीश बाबू शर्मा ने कहा कि जिस समय सरकार के जो प्रावधान रहे, उन्हीं में शिक्षकों को सर्विस मिली, 2011 से पहले टेट लागू था ही नहीं। फिर देश में 30 लाख शिक्षकों पर टेट बैक डेट से लागू करना अन्याय है, जिसे शिक्षक समाज बर्दाश्त नहीं करेगा। देश भर के शिक्षकों ने एक जुट होकर टेट के खिलाफ डॉ. दिनेश चंद्र शर्मा की अगुआई में टीचर्स फेडरेशन

ऑफ इंडिया का गठन किया गया और आंदोलन को धार दी गई। तीन दिन काली पट्टी बांध कर कार्य किया जाएगा। इसके बाद बीएसए कार्यालय में धरना दिया जाएगा। हरीश बाबू शर्मा ने बताया कि तमाम शिक्षकों की आवाज सांसदों ने देश की संसद में भी बुलंद की है। प्रदेश सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में रिव्यू दायर किया है। बता दें कि एक दिन पहले शिक्षकों ने टीईटी की अनिवार्यता के विरोध में एक्स पर अभियान चलाया था।

# इन्वर्शिया : स्वरंग में बिखरे रचनात्मकता के रंग

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** इन्वर्टिस यूनिवर्सिटी में दो दिवसीय वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव इन्वर्शिया का शुभारंभ सोमवार को हुआ। इस वर्ष की थीम स्वरंग व्हाट वी फील, वी सेलिब्रेट रखी गई। कार्यक्रम का उद्घाटन कुलाधिपति डॉ. उमेश गौतम, प्रतिकुलाधिपति पार्थ गौतम ने किया।

पहले दिन इमेजेज क्लब की ओर से अल्फाज 2.0 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मंच पर काव्य-पाठ, शायरी, अंग्रेजी कविता, अभिनय और स्टैंड-अप कॉमेडी में प्रतिभागियों ने भावनाओं, सामाजिक विषयों और जीवन के विभिन्न पहलुओं को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। अल्फाज में मुख्य आकर्षण के रूप में स्टैंड-अप कॉमेडियन गौरव गुप्ता ने दर्शकों को गुदगुदाया। निर्णायक मंडल की सदस्य डॉ. रुबिना वर्मा और मेघा मिश्रा ने परिणाम घोषित किए। सिद्धार्थ शर्मा ने प्रथम, मनस्विनी प्रताप सिंह ने द्वितीय, रिया पांडेय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में शौर्य वीर सिंह मिस्टर इन्वर्शिया और मिस इन्वर्शिया मानुषी चुनी गईं।



कार्यक्रम में मौजूद कुलाधिपति डॉ. उमेश गौतम, प्रतिकुलाधिपति पार्थ गौतम व अन्य। • अमृत विचार

- मिस्टर इन्वर्शिया शौर्य वीर और मिस इन्वर्शिया मानुषी चुनी गईं

संयोजक विशेष अरोड़ा, सह-संयोजक युविका सक्सेना ने निर्णायकों को सम्मानित किया। कुलाधिपति डॉ. उमेश गौतम ने विद्यार्थियों से कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ व्यवहार और समय प्रबंधन भी जीवन में महत्वपूर्ण है। गोंग सेरेमनी के माध्यम से कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत की गई। कुलपति वाईडीएस आर्या, कुलसचिव संतोष कुमार एवं विभिन्न विभागों के डीन, विद्यार्थी मौजूद रहे।

### प्री-इवेंट्स में लगे गेमिंग स्टॉल

इंवर्शिया में आयोजित होने वाले मुख्य कार्यक्रमों की पहले दिन प्री-इवेंट्स के रूप में विभिन्न कार्यक्रमों की गतिविधियां आयोजित की गई। इसमें अभिरुचि स्ट्राइड की ओर से हैट्रिक हब अरीना एवं पावरप्ले शोडाउन आयोजित किया गया। वहीं, आई-टेक की ओर से गेम अरीना, लेजर टैग तथा स्पिन व्हील जैसी गतिविधियां आयोजित हुई। अभिरुचि के अन्य क्लबों ने विभिन्न गेमिंग स्टॉल लगाए।

### स्टार नाइट में आज आएंगी सुनिधि चौहान

स्वरंग के दूसरे दिन मंगलवार को प्रथम सत्र में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। वहीं, स्टार नाइट में बॉलीवुड गायिका सुनिधि चौहान अपनी प्रस्तुति देंगी।

## जूडो की मंडल टीम का हुआ चयन

- लखनऊ में 25 से 27 फरवरी तक आयोजित होगी प्रतियोगिता

**बरेली, अमृत विचार :** खेल निदेशालय की ओर से प्रदेश स्तरीय समन्वय सब-जूनियर बालक और बालिका वर्ग की जूडो प्रतियोगिता का आयोजन लखनऊ के केडी सिंह बाबू स्टेडियम में 25 से 27 फरवरी तक किया जाएगा। प्रतियोगिता के लिए स्पोर्ट्स स्टेडियम में सोमवार को जिला और मंडल स्तरीय ट्रायल आयोजित किए गए। जिसमें मंडल के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। बालिका वर्ग टीम में काव्या गुप्ता, नित्या अग्रवाल, अमिका गंगवार, अंबिका महाजन, त्रिशा शर्मा, सोनी वार्ष्णेय, श्रेया बघेल, आराध्या, पलक और बालक वर्ग में सूर्य पाठक, कृष्ण प्रताप सिंह, प्रतीक यादव, केशव, अजमुल, देवराज, अक्षराज, अनुराग, हर्षित का चयन किया गया। जिला जूडो एसोसिएशन के सचिव शादाब आलम आदि मौजूद रहे।

# कार्यशाला : दांतों और मसूड़ों का रखें ख्याल, सही तरीके से करें ब्रश

- राष्ट्रीय पेरियोडॉन्टिस्ट दिवस उत्साह के साथ मनाया गया
- निशुल्क रोगी स्क्रीनिंग शिविर आयोजित किया गया

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंस के पीरियोडॉन्टोलॉजी एवं इम्प्लांटोलॉजी विभाग की ओर से राष्ट्रीय पेरियोडॉन्टिस्ट दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। दांतों की सुरक्षा, उनकी सफाई और उनकी देखरेख पर कार्यशाला हुई। प्रतियोगिता भी हुई।

सोमवार को इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंस परिसर में हुए कार्यक्रम की शुरुआत मौखिक स्वास्थ्य जागरूकता संदेश के साथ हुई, जिसमें मसूड़ों के रोगों की रोकथाम, समय पर निदान व सही उपचार के महत्व पर प्रकाश डाला गया। विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। क्विज में प्रतिभागियों ने पेरियोडॉन्टोलॉजी से संबंधित अपने ज्ञान का प्रदर्शन किया। रंगोली में प्रतिभागियों ने आकर्षक डिजाइन बनाकर ''ओरल हेल्थ अवेयरनेस'' का संदेश दिया। निशुल्क रोगी स्क्रीनिंग शिविर आयोजित किया, जिसमें बड़ी संख्या में मरीजों ने भाग लिया। मरीजों की विस्तृत जांच कर उन्हें व्यक्तिगत मौखिक स्वच्छता के लिए प्रेरित किया गया। जैसे- सही ब्रश करने की तकनीक, फ्लॉसिंग का महत्व व नियमित दंत जांच की आवश्यकता। जरूरतमंद मरीजों को आगे के उपचार के लिए परामर्श भी प्रदान किया गया। संचालन विभागाध्यक्ष डॉ. रिका सिंह ने किया। विभाग के संकाय सदस्यों में डॉ. मानवी अग्रवाल, डॉ. जयश्री गर्ग, डॉ. प्रेरणा अग्रवाल, डॉ. आकांक्षा सिंह, डॉ. आशुतोष अग्रवाल, डॉ. गीतिका कुमार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।


कार्यशाला में मौजूद प्रतिभागी। • अमृत विचार

## प्राण प्रतिष्ठा के बाद हुआ भंडारा

**फरीदपुर/बरेली, अमृत विचार :** सोमवार को और श्याम बाबा के शीश और देवियों के प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम और पूर्ण आहुति होगी उसके बाद प्रसाद के रूप में भंडारे का आयोजन किया गया शाम को कीर्तन मंडल का आयोजन होगा यह जानकारी प्रतुल अग्रवाल ने दी साहूकारा स्थित अग्रवाल सभा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संजीव अग्रवाल, प्रतुल अग्रवाल पुष्पम अग्रवाल, नितिन अग्रवाल, नवीन अग्रवाल, विकास अग्रवाल, ओमवीर गुर्जर, अनमोल अग्रवाल, हरि बाबू, अनुपम टीवडीवाल, अमित अग्रवाल, शिवांगी अग्रवाल, नीति अग्रवाल, नेहा आदि मौजूद रहीं।

**आवश्यकता है**
- कंप्यूटर ऑपरेटर (MS ऑफिस अनिवार्य, Corel Draw अनुभवी को वरीयता)
- नर्स ANM/GNM
- पंचकर्म थेरेपिस्ट/असिस्टेंट (Male, Female)
- आयुर्वेदिक मेडिकल स्टोर पर कार्य हेतु अनुभवी लड़के/लड़की
- रसोइया • वार्ड बॉय

**रोहिलखंड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल**
सेक्टर-7, रामगंगा नगर योजना डोहरा रोड, बरेली
मो. +91-8077808309, 9837357497


बौद्धिक संपदा अधिकार पर ऑनलाइन कार्यशाला में शामिल हुए लोग। • अमृत विचार

## प्रतिभागियों को पेटेंट और डिजाइन पंजीकरण की प्रक्रिया की जानकारी दी

**बरेली, अमृत विचार:** बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के बीआईयू कॉलेज ऑफ ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म प्रकोष्ठ ने सोमवार को यूनिवर्सिटी के कैंपस में गांधी राष्ट्रीय संपदा संस्थान नागपुर के सहयोग से राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा जागरूकता मिशन के तहत कार्यशाला आयोजित की।

जिसमें नई खोजों, शोध, रचनात्मक कार्यों को पेटेंट कराने, उसकी डिजाइन, उसके लाभ के बारे में जानकारी दी गयी। जिसमें विषय विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों के सवालों के जवाब दिए। ऑनलाइन कार्यशाला में प्रतिभागियों को पेटेंट एवं डिजाइन पंजीकरण की प्रक्रिया और उसके लिए जरूरी दस्तावेज के साथ समय सीमा व इससे जुड़े कानूनी पक्ष की जानकारी दी गई। आयोजन कुलपति डॉ. लता अग्रवाल के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कुल सचिव डॉ. एसके ठाकुर, विश्वविद्यालय नवाचार प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ पुष्पेंद्र कनोजिया व महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार सिंह का सहयोग रहा। सहायक कुल सचिव एवं आंतरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ प्रभारी सर्वनाम सिंह, सहायक आचार्य अतुल बाबू की भी भागीदारी रही।

# अंग्रेजी के पेपर में सख्ती, छात्राओं के उतरवाए जूते-मोजे


इस्लामिया गर्ल्स कॉलेज में परीक्षार्थियों के जूते उतारकर तलाशी लेती शिक्षिका।


आलमपुर जाफराबाद ब्लॉक के एक केंद्र का निरीक्षण कर छात्र की चेकिंग कराते डीएम।

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** इस्लामिया गर्ल्स इंटर कॉलेज में सोमवार को अंग्रेजी की परीक्षा देने पहुंचीं हाईस्कूल की छात्राओं को उस समय असहज स्थिति का सामना करना पड़ा, जब चेकिंग के दौरान शिक्षिकाओं ने उनके जूते-मोजे उतरवाए दिए। विद्यालय प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए प्रवेश द्वार पर छात्राओं की गहन तलाशी ली। जब से यूपी बोर्ड परीक्षाएं शुरू हुई हैं। तब से अब तक किसी भी परीक्षा केंद्र पर विद्यार्थियों के जूते- मोजे नहीं उतरवाए गए हैं। हालांकि, शासन ने नकल विहीन परीक्षा की बात कह चेकिंग के आदेश दिए हैं।

> विद्यार्थियों के जूते-मोजे उतरवाकर चेकिंग की जाती है। उसके बाद उन्हें पहन कर अंदर जाने दिया जाता है। यह चेकिंग का हिस्सा है, ताकि कोई विद्यार्थी नकल सामग्री अंदर न ले जा सके। हम बच्चों से कहते हैं कि वे चप्पल पहनकर स्कूल आएं। **चमन जहां,** प्रिंसिपल इस्लामिया गर्ल्स इंटर कॉलेज

**सिलेबस से आया था इंग्लिश का पेपर :** अंग्रेजी का पेपर देकर परीक्षा केंद्र से बाहर आए विद्यार्थियों ने बताया कि पेपर सरल था। सभी प्रश्न सिलेबस में से ही पूछे गए थे।

### डीएम ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया

कार्यालय संवाददाता, बरेली, अमृत विचार : यूपी बोर्ड परीक्षा के मद्देनजर डीएम अविनाश सिंह ने सोमवार को कई केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं परखीं। उन्होंने आलमपुर जाफराबाद के सैदपुर कनी भोलापुर स्थित समाज कल्याण इंटर कॉलेज और ग्राम्य विकास इंटर कालेज में परीक्षा केंद्रों का भ्रमण किया। कुछ परीक्षार्थियों की चेकिंग भी की। बच्चों को कक्षा में दूर-दूर बैठाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने परीक्षा केंद्र के प्रत्येक कमरे के सीसीटीवी कैमरों की क्रिया शीलता को कंप्यूटर कंट्रोल रूम में जाकर चेक किया। उन्होंने विद्यालय के शौचालयों में साफ-सफाई व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिये। परीक्षा में लगे कर्मियों का ड्यूटी रजिस्टर भी चेक किया। कहा कि परीक्षा के बाद कॉपियां पुलिस सुरक्षा में ही परीक्षा केंद्र से निकाल कर जमा कराएं। विशेष सतर्कता बरतने और परीक्षा नकलविहीन सम्पन्न कराने के निर्देश दिए। इस दौरान अपर जिलाधिकारी (नगर) सौरभ दुबे, प्रधानाचार्य, अध्यापक आदि मौजूद रहे।